# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
# 13.11.2025/प्रादेशिक समाचार/ 15.00 बजे

## कैबिनेट – फैसले

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को सौ प्रतिशत ऋण आश्वासन प्रदान करती है। यह योजना बीस हज़ार करोड़ तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी, जिससे तरलता और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कल नई दिल्ली में कैबिनेट ब्रीफिंग में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।

-----------------------------------------------------------

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शिमला में प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। यह समारोह 11 दिसंबर को मंडी जिले में आयोजित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोह में सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों और दो वर्ष के रोडमैप को जनता के समक्ष रखा जाएगा।

-----------------------------------------------------------

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन ज़िला के सलोगड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस स्कूल को लेकर अनियमितताएं बरतने के आरोपों पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसके निर्माण कार्यों की जांच का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। शांडिल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी स्कूल निर्माण को लेकर पूछा तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि करोड़ों रूपये खर्च कर पिछले 6 वर्षों में भी यह स्कूल नहीं बन पाया और इसका निर्माण कार्य इसी माह शुरू करवाया जाएगा।

-----------------------------------------------------------

## वंदे मातरम

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की पीढ़ियों को एकजुट होने, आगे बढने और राष्ट्र भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया है। आज हमारे संवाददाता, वंदे मातरम पर एक रिपोर्ट लेकर आए हैं, जो आवाज़ों, झंडों और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की भावना में गूंजती है। पेश है ये रिपोर्ट...............

-----------------------------------------------------------

**नगर निगम शिमला**

नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कल "एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन" योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को क्रोशिया कार्य हेतु 20 मशीनें वितरित कीं। वस्त्र मंत्रालय और हिमाचल हैंडीक्राफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि महिलाओं के उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। प्रशिक्षण में शामिल महिला ने कहा कि यह उनके लिए एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से न केवल उनके छिपे हुए हुनर को निखारने का मौका मिला, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

-----------------------------------------------------------